पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का उद्घाटन किया

लखनऊः 04 सितम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दीप जलाकर विधिवत उद्घाटन किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा, राज्यमंत्री डाॅ0 महेन्द्र सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री कलानिधि नैथानी सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कृष्ण जन्मोत्सव समारोह स्थानीय एवं मथुरा से आये कलाकारों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, लट्ठमार व फूलों की होली सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

अंजुम/ललित/राजभवन (341/7)

मा० राज्यपाल,
उत्तर प्रदेश
मा० मुख्यमन्त्री,
उत्तर प्रदेश